**दिनांक: 15 अगस्त 2025**

## प्रेस-विज्ञप्ति

### स्वतंत्रता दिवस पर मर्चैंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में ध्वजारोहण समारोह

आज दिनांक 15 अगस्त 2025 को मर्चैंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रात: 09:00 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आई. एम. रोहतगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को श्रद्धापूर्वक सलामी दी।

अपने उद्बोधन में डॉ. रोहतगी ने कहा, "आज ध्वजारोहण करते समय मेरे हृदय में जो गर्व, उमंग और देशभक्ति का ज्वार उमड़ रहा है, उसे शब्दों में व्यक्त कर पाना अत्यंत कठिन है। इस पावन अवसर पर हम सभी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम सभी चैम्बर सदस्य यह संकल्प लेते हैं कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना पूर्ण सहयोग और योगदान देंगे।

आइए हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दें जो आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और सबके लिए समावेशी हो। देश की सेवा ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है और इस पथ पर अडिग रहना ही हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

समारोह में चैम्बर के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से कौंसिल सदस्य अनिल अग्रवाल, प्रेम मनोहर गुप्ता, सुशील शर्मा तथा चैम्बर सदस्य विमल झाझरिया, संतोष कुमार गुप्ता, टीकम चंद सेठीया, शेष नारायण त्रिवेदी, अमित पाण्डेय, ईश्वर वर्मा, सुधीर सिंह, अतुल मेहरोत्रा, डॉ. जय प्रकाश, उमेश पांडेय सम्मिलित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त  को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें|